Think IAS

दृष्टि The Vision

Think Drishti

हिन्दी साहित्य

श्रेष्ठ वैकल्पिक विषय

(रोचक, सुरक्षित, अंकदायी, भरोसेमंद तथा छोटा विषय)

(ऑडियो-वीडियो क्लासेज़)

- वैकल्पिक विषय का क्या महत्त्व है?
- वैकल्पिक विषय कैसे चुनें?
- हिन्दी साहित्य क्यों श्रेष्ठ विषय है?
- हिन्दी साहित्य का पाठ्यक्रम क्या है?
- हिन्दी साहित्य की तैयारी कैसे करें?

और ऐसे ही कई अन्य प्रश्नों का समाधान.....

Tashkent Marg, Patrika Chauraha, Civil Lines, Prayagraj
Contacts: 8448485518, 8750187501, 8929439702
Website : www.drishtiias.com

Think IAS

दृष्टि The Vision

Think Drishti

हिन्दी साहित्य

2017 में सर्वश्रेष्ठ परिणाम

1. गंगा सिंह (रैंक 33)- 315
2. वाव्यवा चौबे (रैंक 521)- 313
3. आरती सिंह (रैंक 118)- 310
4. प्रीति हुडा (रैंक 288)- 305
5. प्रमोद कु. यादव (रैंक 625)- 305
6. दीपक कुमार (रैंक 783)- 300
7. प्रदीप कुमार (रैंक 936)- 298
8. अंकित खण्डेलवाल (रैंक 41)- 294
9. कंचन कु. काण्डवाल (रैंक 263)- 293
10. प्रह्लाद सहाय मीणा (रैंक 951)- 291

..... व अन्य कई और

2018 में भी सर्वश्रेष्ठ परिणाम

इस वर्ष के परिणाम से पुन: सिद्ध हुआ है कि अंक प्राप्ति के मामले में हिन्दी साहित्य किसी भी अन्य विषय से बेहतर है। दृष्टि के कई विद्यार्थियों ने 290 से अधिक अंक हासिल किये हैं जिनमें से कुछ तो सिर्फ वीडियो क्लासेज़ के विद्यार्थी रहे हैं, जैसे-

(रैंक 161) 313 अंक
अरविन्द प्रताप सिंह

(रैंक 594) 307 अंक
चेतन कुमार मीना

(रैंक 694) 301 अंक
बिक्रम गंगवार

(रैंक 817) 296 अंक
आशीष कुमार

(रैंक 600) 293 अंक
हेमेन्द्र कुमार मीना

(रैंक 767) 291 अंक
रतनदीप गुप्ता

(रैंक 766) 289 अंक
दीप्ति देव यादव

(रैंक 573) 286 अंक
अनिल कुमार यादव

(रैंक 491) 284 अंक
प्रदीप कुमार द्विवेदी

(रैंक 615) 284 अंक
अक्षय तेम्रवाल

... व अन्य कई और- अनुपम जाखड़ (रैंक 739), विकास सुनदा (रैंक 584), कमलेश मीना (रैंक 977), सोनल (रैंक 451).....

Visit: www.drishtiIAS.com

विषय-सूची

1. वैकल्पिक विषय: अर्थ और महत्त्व 3
2. वैकल्पिक विषय का चयन कैसे करें? 3-4
   (i) विषय-चयन में सावधानी बरतना ज़रूरी है।
   (ii) विषय-चयन के तर्क व उनका परीक्षण
   (iii) विषय-चयन का वास्तविक आधार
3. हिंदी साहित्य: श्रेष्ठ विकल्प के तौर पर 5-6
4. अफवाहों तथा संदेहों का निराकरण 6
5. क्या आपके लिये हिंदी साहित्य लेना ठीक होगा? 7
6. हिंदी साहित्य का पाठ्यक्रम 7-8
7. पाठ्यक्रम का विश्लेषण 8-9
   (i) प्रश्नपत्र-I
   (ii) प्रश्नपत्र-II
   (iii) दोनों प्रश्नपत्रों का आपसी संबंध
   (iv) क्या चयनात्मक अध्ययन सम्भव है?
8. हिंदी साहित्य का कक्षा कार्यक्रम 10
   (i) अध्यापक
   (ii) अध्यापन प्रणाली
   (iii) पाठ्य-सामग्री
   (iv) जाँच-परीक्षाएँ तथा उत्तर-लेखन अभ्यास
9. पिछले वर्षों की परीक्षाओं में विभिन्न टॉपिक्स से प्रश्न पूछे जाने की प्रवृत्ति 10-13
10. कक्षाओं से पहले क्या पढ़ें? 13
11. संदर्भ-ग्रंथ/पुस्तक सूची 14
12. टॉपर्स क्या कहते हैं? 15-16

वैकल्पिक विषय: अर्थ और महत्त्व *(Optional Subject: Meaning and Importance)*

मुख्य परीक्षा में प्रत्येक उम्मीदवार को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित सूची में से किसी एक विषय का चयन करना होता है। इसे ही वैकल्पिक विषय कहा जाता है। विषय के चयन में इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि उम्मीदवार की पृष्ठभूमि किन विषयों की रही है? उम्मीदवार जो चाहे, वही विषय चुन सकता है। उदाहरण के लिये, कोई इंजीनियर चाहे तो 'हिंदी साहित्य' चुन सकता है और कोई डॉक्टर चाहे तो 'इतिहास' विषय के साथ भी परीक्षा में शामिल हो सकता है। 2013 की परीक्षा के लिये जारी अधिसूचना में संघ लोक सेवा आयोग ने साहित्य के विषयों को चुनने का अधिकार सिर्फ उन उम्मीदवारों के लिये सीमित कर दिया था जिन्होंने स्नातक स्तर पर वह विषय पढ़ा है। किंतु, लोक सभा में हुए विरोध के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय के राज्यमंत्री ने इस पर माफी मांगी तथा सभी उम्मीदवारों को अधिकार दिया कि वे वैकल्पिक विषयों की सूची में से अपनी रुचि के अनुसार कोई भी विषय चुन सकते हैं। इसके बाद संघ लोक सेवा आयोग ने एक नई और स्थायी अधिसूचना जारी की जिसमें स्पष्ट किया गया कि किसी भी वैकल्पिक विषय को चुनने पर कोई रोक नहीं है।

किसी भी वैकल्पिक विषय का पाठ्यक्रम दो प्रश्नपत्रों में विभाजित होता है। 2012 तक ये दोनों प्रश्नपत्र 300-300 अंकों के होते थे क्योंकि प्रत्येक वैकल्पिक विषय के लिये कुल 600 अंक निर्धारित थे। 2013 से लागू नई परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत दोनों प्रश्न-पत्र 250-250 अंकों के रह गए हैं क्योंकि वैकल्पिक विषय के लिये अब कुल 500 अंक निर्धारित हैं। दोनों प्रश्न-पत्रों की परीक्षाएँ एक ही दिन बारी-बारी से आयोजित की जाती हैं। उम्मीदवार को प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिये 3 घंटे का समय दिया जाता है। वह अंग्रेज़ी या संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किसी भी भाषा में, जिसे उसने मुख्य परीक्षा के माध्यम के तौर पर चुना हो, प्रश्नों के उत्तर लिख सकता है। सिर्फ साहित्य के विषयों में यह चयन सीमित होता है और उम्मीदवार को प्राय: उसी लिपि में लिखना होता है जो उस भाषा की है, जैसे हिंदी साहित्य के लिये देवनागरी लिपि।

वैकल्पिक विषय का चयन कैसे करें? *(How to Choose the Optional Subject?)*

विषय-चयन में सावधानी बरतना ज़रूरी है *(It is necessary to be careful while choosing the optional subject)*

सिविल सेवा परीक्षा में उम्मीदवार की सफलता या विफलता तय करने वाला सबसे महत्त्वपूर्ण कारक यही होता है कि उसने वैकल्पिक विषय का चयन कितनी सावधानी और परिपक्वता के साथ किया है? गौरतलब है कि परीक्षा प्रणाली के नए प्रारूप ने वैकल्पिक विषय का कुल योगदान भले ही 1200 अंकों से घटाकर 500 अंकों का कर दिया हो, पर वास्तविकता यह है कि सफलता प्राप्ति के नज़रिये से उसका महत्त्व कम नहीं हुआ है; और हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों के लिये तो वह और ज़्यादा हो गया है। इस बात को ठीक से समझने के लिये परीक्षा-प्रणाली को गहराई से समझना होगा।

इस परीक्षा की प्रकृति समझने वाले सभी व्यक्ति जानते हैं कि सामान्य अध्ययन में हिंदी माध्यम के उम्मीदवार अंग्रेज़ी माध्यम की तुलना में नुकसान की स्थिति में रहते हैं। इस नुकसान के कई कारण हैं, जैसे-

1. पहला कारण यह है कि अंग्रेज़ी में जिस स्तर की पाठ्य-सामग्री मिलती है, ठीक वैसी हिंदी में नहीं मिल पाती। यह समस्या उन खंडों में ज़्यादा विकराल है जिनमें रोज़-रोज़ नई घटनाएँ घटती रहती हैं और वे हिंदी अखबारों में या तो आती नहीं, और आती भी हैं तो बहुत कामचलाऊ ढंग से। ऐसे खंडों में विज्ञान-तकनीक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्दे तथा अर्थव्यवस्था प्रमुख हैं। गौरतलब है कि इन खंडों के लिये किताबें, पत्रिकाएँ और 'जर्नल' ही नहीं, इंटरनेट पर भी हिंदी में बराबर स्तर की पाठ्य-सामग्री नहीं मिल पाती।
2. दूसरा कारण यह है कि बहुत से परीक्षक अंग्रेज़ी में सहज होने के कारण हिंदी के उम्मीदवारों की अभिव्यक्ति से पूरा तादात्म्य नहीं बैठा पाते। वे हिंदी समझते तो हैं, पर हिंदी में की गई प्रभावपूर्ण अभिव्यक्तियों का मर्म ग्रहण नहीं कर पाते। यह समस्या उन खंडों में सघन रूप में दिखती है जिनमें पारिभाषिक शब्दावली का ज़्यादा प्रयोग होता है (जैसे–भूगोल, अर्थव्यवस्था, पर्यावरण व विज्ञान-तकनीक) और ऐसे शब्दों के हिंदी अनुवाद परीक्षकों के लिये दुर्बोध होते हैं।
3. कभी-कभी प्रश्नपत्र में अनुवाद की गलती से भी ऐसा नुकसान हो जाता है। ध्यान रखना चाहिये कि मूल प्रश्नपत्र अंग्रेज़ी में बनाया जाता है और हिंदी में उसका अनुवाद किया जाता है। अगर अनुवादक किसी तकनीकी शब्द का अनुवाद पुस्तकों में प्रचलित अनुवाद से अलग कर दे या किसी मुहावरेदार अभिव्यक्ति को सटीक रूप में न समझ पाने के कारण अर्थ का अनर्थ कर दे तो उसकी गलती की सज़ा हिंदी माध्यम के उम्मीदवारों को भुगतनी पड़ती है।

इन तीनों वजहों से पुराने पैटर्न (जो 2012 तक लागू था) में 600 अंकों के सामान्य अध्ययन में हिंदी माध्यम के अभ्यर्थी औसतन 30-40 अंकों के नुकसान में रहते थे। इस तथ्य का परीक्षण आप किसी भी साल की परीक्षा में शामिल हुए अपने परिचितों द्वारा अर्जित अंकों की तुलना से कर सकते हैं। 2013 से लागू हुए नए पैटर्न में सामान्य अध्ययन का वजन 1000 अंकों का हो जाने से यह खतरा भी बढ़ा है कि कहीं इसी अनुपात में यह अंतराल बढ़कर 60-70 अंकों का न हो जाए। ऐसे में सवाल उठता है कि इसकी भरपाई कैसे की जाए क्योंकि ऐसे नुकसान को झेलते हुए सफल होना काफी मुश्किल है। इसके अलावा, यह भी नहीं भूलना चाहिये कि इंटरव्यू में भी हिंदी माध्यम के अभ्यर्थी कई बार नुकसान में रहते हैं।

ध्यान रखें कि सिविल सेवा में सफल होने वाले सभी अभ्यर्थियों के बीच कुल अंतराल लगभग 100 अंकों का ही होता है। इसका अर्थ है कि यदि ऊपर के कुछ टॉपर्स को छोड़ दें तो शेष सभी चयनित उम्मीदवारों के मध्य सबसे ऊपर तथा सबसे नीचे के रैंक पर चयनित उम्मीदवारों के कुल अंकों में 100 अंकों का ही अंतर होता है। ऐसे में अगर हिंदी माध्यम के अभ्यर्थी 60-70 अंकों (इंटरव्यू को जोड़ लें तो और ज़्यादा) के नुकसान के साथ प्रतियोगिता में उतरेंगे तो प्रायः वे सफल नहीं होंगे, और अगर होंगे भी तो काफी पीछे के स्थानों पर। 2011, 2013 और 2014 के परिणाम इसका नमूना माने जा सकते हैं जिनमें पहले 100 स्थानों में से सिर्फ 1 या 2 ही हिंदी माध्यम से थे।

पुराने पैटर्न के अंतर्गत हिंदी माध्यम के प्रतिभावान उम्मीदवार इस नुकसान की भरपाई अपने वैकल्पिक विषयों के माध्यम से कर लेते थे। वे हिंदी माध्यम के अनुरूप सही विषय चुनकर, उनमें अच्छी तैयारी करके 350-400 की परिधि में अंक प्राप्त कर लेते थे जिससे सामान्य अध्ययन में हुए नुकसान की काफी हद तक भरपाई हो जाती थी। चूँकि तब दो विषय हुआ करते थे और उनके लिये कुल 1200 अंक निर्धारित थे, इसलिये इस नुकसान की भरपाई करना बहुत मुश्किल नहीं होता था; पर अब स्थिति ठीक उलटी है। सामान्य अध्ययन में हिंदी माध्यम को होने वाले नुकसान की संभावित मात्रा बढ़ गई है (लगभग 60-70 अंक) जबकि इस नुकसान की भरपाई के लिये उपलब्ध अवसर कम हो गए हैं क्योंकि अब एक ही विषय है और वह भी कुल 500 अंकों का ही है। इसका मतलब है कि अब हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों के लिये एक ही वैकल्पिक विषय में इतने अंक अर्जित करना ज़रूरी हो गया है कि सामान्य अध्ययन (और साक्षात्कार) में हुए नुकसान की भरपाई की जा सके; और इसका एकमात्र रास्ता यह है कि वही वैकल्पिक विषय चुना जाए जो न केवल सुरक्षित हो बल्कि अधिक-से-अधिक अंक दिलाने की ताकत भी रखता हो।

विषय-चयन के तर्क व उनका परीक्षण *(Arguments for subject selection & their examination)*

विषय चयन को लेकर सभी विषयों के पक्ष में कुछ न कुछ तर्क दिये जा सकते हैं। कुछ प्रसिद्ध तर्क तथा उनका परीक्षण निम्नलिखित है-

1. कुछ विषयों, जैसे लोक प्रशासन, इतिहास, राजनीति विज्ञान और भूगोल के पक्ष में आमतौर पर दिया जाने वाला तर्क है कि वे **सामान्य अध्ययन के पाठ्यक्रम में मदद** करते हैं।
   वास्तव में यह तर्क आधा सही और आधा भ्रामक है। यह तर्क वहीं तक सही हो सकता है जहाँ तक वह विषय सफलता के रास्ते में रुकावट न बनता हो। मान लीजिये कि कोई विषय सामान्य अध्ययन के पाठ्यक्रम में कुछ मदद करता हो किंतु वैकल्पिक विषय के तौर पर किसी दूसरे विषय की तुलना में 50-100 या उससे भी ज़्यादा अंकों का नुकसान कराता हो तो सीधी सी बात है कि उसे लेना फायदे की नहीं, नुकसान की बात है। उसकी तुलना में अगर कोई विषय सामान्य अध्ययन के पाठ्यक्रम से अलग हो पर 3 महीने की तैयारी से दूसरे विषयों की तुलना में 50-100 अंक ज़्यादा दिलवाता हो तो फायदा उसे लेने में ही है।
2. कुछ दूसरे विषयों के समर्थकों का तर्क है कि कोई विषय इसलिये लिया जाना चाहिये क्योंकि वह **आकार में छोटा** है। हिंदी साहित्य, दर्शनशास्त्र और समाजशास्त्र के पक्ष में प्रायः यह तर्क दिया जाता है। वस्तुतः यह तर्क भी अधूरा है। मान लीजिये कि आपने कोई

कुलदीप द्विवेदी (IPS/2015)

मैंने 'दृष्टि द विज़न' संस्थान की सहायता ली। इसमें विकास सर की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। हिन्दी साहित्य में पर्याप्त नोट्स व मार्गदर्शन के कारण वैकल्पिक विषय में बहुत कम समय खर्च करना पड़ा।

तथाकथित 'छोटा' विषय लिया और 2-3 महीनों में ही तैयार कर लिया पर उसमें दूसरे विषयों के औसत अंकों की तुलना में 40-50 अंक कम मिले तो निस्संदेह यह फायदे की नहीं, भारी नुकसान की स्थिति है। दरअसल, 1 महीना बचाने के लिये आपने 1 साल का नुकसान कर लिया है; और अगर हर प्रयास में उस विषय में खराब अंक मिलते रहे और उसके कारण अंतिम रूप से चयन नहीं हुआ तो आपने 1 महीना बचाने के लिये अपना 30-35 साल का शानदार भविष्य दाँव पर लगा दिया है।

3. कुछ लोग तर्क देते हैं कि वैकल्पिक विषय के चयन का आधार यह होना चाहिये कि **उम्मीदवार की उससे संबंधित पृष्ठभूमि है या नहीं?**

   ध्यान से देखें तो सिविल सेवा परीक्षा में यह तर्क भी लागू नहीं होता। अधिकांश मामलों में देखा जाता है कि वैकल्पिक विषयों में सर्वोच्च अंक ऐसे उम्मीदवारों को प्राप्त होते हैं जिनकी उस विषय में कोई पृष्ठभूमि नहीं थी। इसके विपरीत, बहुत से मामलों में ऐसा भी देखा जाता है कि किसी विषय से उच्च अध्ययन (जैसे स्नातकोत्तर या पी.एच.डी.) करने वाले उम्मीदवार उसी विषय में बहुत कम अंक प्राप्त कर पाते हैं। सार यह है कि पृष्ठभूमि होने या न होने से इस परीक्षा के परिणाम पर कोई खास अंतर नहीं पड़ता। विषय का चयन उसकी सफलता की दर के आधार पर होना चाहिये, न कि पृष्ठभूमि के आधार पर। सच यह है कि यदि कोई उम्मीदवार पूरी गम्भीरता तथा उचित दृष्टिकोण से सिविल सेवा परीक्षा के किसी विषय के पाठ्यक्रम को 3-6 महीने पढ़ लेता है तो उसके लिये पृष्ठभूमि का प्रश्न अर्थहीन हो जाता है।

4. एक लोक-प्रचलित तर्क यह भी है कि विषय के चयन का मुख्य आधार **'रुचि'** होना चाहिये अर्थात् उम्मीदवार को वही विषय चुनना चाहिये जिसे पढ़कर उसे आनंद मिलता हो।

   वस्तुत:, यह तर्क उस स्थिति में ठीक होता अगर सिविल सेवा परीक्षा में सभी विषयों के परिणाम में वस्तुनिष्ठता तथा समानता होती; किंतु दुर्भाग्यवश ऐसा है नहीं। अगर आप विभिन्न उम्मीदवारों के वैकल्पिक विषयों के अंकों की सारणी बनाएंगे तो खुद समझ जाएंगे कि कुछ विषय बहुत अच्छा परिणाम देते हैं जबकि कई विषय परिणाम बिगाड़ने के लिये कुख्यात हैं। हिंदी माध्यम में तो यह संकट और ज़्यादा है क्योंकि दो-चार विषयों को छोड़ दें तो अधिकांश में या तो हिंदी में पर्याप्त पुस्तकें उपलब्ध नहीं हैं, या फिर उचित मूल्यांकन करने के लिये हिंदी समझने वाले परीक्षक/प्रोफेसर उपलब्ध नहीं हैं। इसलिये विषय का चयन केवल रुचि के आधार पर करना खतरनाक हो सकता है। 'रुचि' और 'सफलता' में यदि विरोध हो तो पहली प्राथमिकता 'सफलता' को ही दी जानी चाहिये क्योंकि आप एक अत्यंत कठिन प्रतिस्पर्द्धा में शामिल हो रहे हैं जिसमें आपके अंक ही सफलता को निर्धारित करेंगे और अगर एक भी रणनीतिक भूल हुई तो सफलता प्राप्त करना असम्भव हो जाएगा।

विषय-चयन का वास्तविक आधार
(The real basis of subject selection)

सच कहें तो विषय चयन का असली आधार एक ही है; और वह यह कि वह **विषय आपकी सफलता में कैसी भूमिका निभाता** है? बाकी सभी आधार इसके सामने गौण हैं। वे इस आधार के साथ-साथ तो चल सकते हैं किंतु इसकी कीमत पर नहीं। इसका अर्थ है कि अगर सफलता की दृष्टि से दो विषय पूरी तरह बराबरी पर हों तो उनमें से उस विषय को प्राथमिकता दी जानी चाहिये जिसमें उम्मीदवार की पृष्ठभूमि अथवा/और रुचि हो; किंतु अगर एक विषय सफलता में सहायक हो और दूसरा बाधक हो तो बिना किसी संदेह के उसी विषय को प्राथमिकता देनी चाहिये जो सफलता में सहायक हो।

कोई विषय सफलता में कितना सहायक है, यह जाँचने के लिये देखना चाहिये कि वह परीक्षा में कितने अंक दिलाने की ताकत रखता है? उसमें अच्छे विद्यार्थियों को औसतन कितने अंक मिलते हैं? ध्यान दें कि अंकों का निर्धारण उसी माध्यम के उम्मीदवारों के आधार पर किया जाना चाहिये जिसमें आप परीक्षा देने वाले हैं। अगर अंग्रेज़ी माध्यम के किसी उम्मीदवार को किसी विषय में अच्छे अंक मिले हैं तो यह निष्कर्ष बिल्कुल न निकालें कि हिंदी माध्यम में भी वैसे ही अंक मिलेंगे। यह भी ध्यान रखें कि आपके वैकल्पिक विषय में अंकों का विचलन इतना ज़्यादा नहीं होना चाहिये कि एक बार आपको 350 अंक मिलें और दूसरी बार 200 से कम रह जाएँ। उसकी विषयवस्तु ऐसी नहीं होनी चाहिये कि हिंदी माध्यम के अभ्यर्थी अंग्रेज़ी की तुलना में नुकसान झेलने को मजबूर रहें।

कुल मिलाकर, अगर किसी विषय में आपको हर वर्ष 10-20 ऐसे उम्मीदवार दिखाई देते हैं जिन्हें हिंदी माध्यम में (अगर आपका माध्यम अंग्रेज़ी है तो उसमें) 600 में से 300 (या 500 में से 250) से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं तो आप मान सकते हैं कि वह विषय सफलता में सहायक है। यह भी ध्यान रखें कि उस विषय में सुरक्षा का स्तर अच्छा होना चाहिये। इसका अर्थ है कि अगर एक बार आपको 350 अंक मिले हैं तो यह विश्वास बनना चाहिये कि अगली बार भी लगभग उतने अंक मिल जाएंगे। ध्यान रखें कि कुछ विषयों (जैसे दर्शनशास्त्र, लोक प्रशासन तथा राजनीति विज्ञान) में कुछ उम्मीदवारों को अच्छे अंक मिले हैं लेकिन जिन उम्मीदवारों को एक बार 350 या अधिक अंक मिले, अगले वर्ष उन्हीं में से कइयों को 150-200 अंकों से संतोष करना पड़ा। सार यह है कि अगर आप सुरक्षित विषय चुनेंगे तो इस खतरे से बचे रहेंगे।

हिंदी साहित्य: श्रेष्ठ विकल्प के तौर पर
(Hindi Literature: As the Best Option)

उपरोक्त सभी आधारों पर विश्लेषण करें तो आप पाएंगे कि साहित्य के विषय इस दौड़ में सबसे आगे हैं। आप जिस भी भाषा में सहज हैं, आपको उसी का साहित्य (जैसे हिंदी, उर्दू, तमिल या संस्कृत साहित्य) चुन लेना चाहिये। हिंदी क्षेत्र के विद्यार्थियों के पास सबसे बेहतर विकल्प के तौर पर 'हिंदी साहित्य' है। इसके पक्ष में कुछ तर्क इस प्रकार हैं-

देवीलाल (IAS/2015)

मैंने हिन्दी साहित्य और निबंध के लिये 'दृष्टि द विज़न' संस्थान से कोचिंग ली जो मेरे लिये लाभदायक रही और सफलता में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

1. हिन्दी साहित्य की एक बार तैयारी कर लेने के बाद उसे प्रतिदिन या प्रतिवर्ष 'अपडेट' करने की आवश्यकता नहीं पड़ती, अत: अभ्यर्थी किसी भी परीक्षा में अपने नोट्स को दोहराकर अच्छे अंक प्राप्त कर सकता है। इसके विपरीत, कई अन्य विषयों (जैसे लोक प्रशासन, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान आदि) में पिछले एक वर्ष में घटी घटनाओं को अपडेट करना अभ्यर्थी के लिये ज़रूरी और कठिन होता है।
2. हिन्दी साहित्य एकमात्र विषय है जिसमें हिन्दी माध्यम के उम्मीदवारों की स्पर्द्धा अंग्रेज़ी माध्यम के उम्मीदवारों से नहीं होती। अन्य विषयों में अंग्रेज़ी माध्यम में अधिक पाठ्य-सामग्री उपलब्ध होने के कारण हिन्दी माध्यम के उम्मीदवार कुछ नुकसान की स्थिति में रहते हैं, जबकि हिन्दी साहित्य में नहीं।
3. चूँकि साहित्य के अध्ययन से जीवन के प्रति गहरा दृष्टिकोण विकसित होता है, इसलिये निबंध और साक्षात्कार में इसका अत्यधिक प्रभाव पड़ता है। कुछ अच्छी काव्य-पंक्तियों का प्रयोग निबंध और साक्षात्कार में अनूठे अंक दिलवा सकता है। इसके अलावा, साहित्य पढ़ने से भाषा और उसकी समझ सुधरती है जो 'बोधगम्यता' (Comprehension) जैसी क्षमताओं के विकास में मदद करती है। ध्यान रखें कि प्रारम्भिक परीक्षा में सीसैट के प्रश्नपत्र में सफलता की दृष्टि से 'बोधगम्यता' की सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका है।
4. हिंदी साहित्य बहुत कम समय में ही तैयार हो जाता है। तीन महीने की अवधि में ही इसका संपूर्ण पाठ्यक्रम तैयार किया जा सकता है।
5. समझने की दृष्टि से हिन्दी साहित्य अत्यंत सरल विषय है क्योंकि इसमें जटिल अवधारणाएँ एकदम नहीं हैं। इस दृष्टि से यह दर्शनशास्त्र जैसे जटिल व अमूर्त विषयों से काफी बढ़त प्राप्त कर लेता है।
6. यह विषय संवेदनाओं, भावनाओं तथा विचारों से जुड़ा होने के कारण अत्यधिक रुचिकर, मर्मस्पर्शी तथा मनोरंजक है। उपन्यास, कहानियाँ और कविताएँ व्यक्ति की अपनी ही ज़िंदगी का प्रतिबिम्ब होती हैं। इसलिये साहित्य का अध्ययन करना एक अर्थ में अपने जीवन को ही गहराई में समझना है।
7. हिन्दी साहित्य में प्रश्नों के उत्तर बंधे बंधाए नहीं होते हैं, इसलिये अभ्यर्थी यदि अपनी ओर से कुछ लिखे तो उसे उसकी रचनात्मकता मानकर सम्मानित किया जाता है, दंडित नहीं। इसका लाभ यह होता है कि अगर उम्मीदवार को किसी प्रश्न का उत्तर न पता हो तो भी वह अपनी रचनात्मकता से उत्तर लिख सकता है। अन्य विषयों (जैसे गणित, दर्शनशास्त्र, लोक प्रशासन आदि) में ऐसे उत्तरों को पूरी तरह खारिज कर दिया जाता है जबकि साहित्य में ऐसे उत्तरों को भी सम्मान की नज़र से देखा जाता है। इस विशेषता का परिणाम यह होता है कि कोई भी प्रश्न छूटता नहीं और स्वाभाविक तौर पर उम्मीदवार को इसका व्यापक लाभ मिलता है।
8. राज्यस्तरीय परीक्षाओं में भी हिन्दी साहित्य अत्यधिक सफल विषय है। सभी राज्यों में हिंदी साहित्य के विद्यार्थियों ने बार-बार सफलता का परचम लहराया है।

अफवाहों तथा संदेहों का निराकरण *(Elimination of Rumours & Doubts)*

कुछ लोग अपने निहित स्वार्थों के कारण भ्रम फैलाते हैं कि हिन्दी साहित्य में कई समस्याएँ हैं। ऐसी भ्रामक धारणाएँ तथा उनका निराकरण इस प्रकार है-

1. कुछ लोग कहते हैं कि हिन्दी साहित्य एक लंबा विषय है क्योंकि इसमें 22 रचनाएँ पढ़नी होती हैं। वस्तुत: यह सफेद झूठ है। सच यह है कि अधिकांश रचनाओं को सरसरी निगाह से देखना ही पर्याप्त होता है और कुछ रचनाएँ तो 5-10 पृष्ठों की ही हैं। असली बात यह है कि हिंदी साहित्य का संपूर्ण पाठ्यक्रम सिर्फ 80-90 दिनों में तैयार हो जाता है।
2. कुछ लोगों को भ्रम है कि हिन्दी साहित्य के लिये साहित्यिक या आलंकारिक भाषा तथा साहित्यिक पृष्ठभूमि का होना ज़रूरी है। सच यह है कि इसके लिये साधारण भाषा न केवल पर्याप्त है बल्कि वांछनीय भी है क्योंकि विद्यार्थी को साहित्य का विश्लेषण करना है, न कि साहित्य की रचना। यह केवल संयोग नहीं है कि हिंदी साहित्य से अच्छे अंक लाने वाले उम्मीदवारों में से अधिकांश वे हैं जिनकी हिंदी साहित्य की कोई पृष्ठभूमि नहीं रही है।
3. कुछ लोग नए उम्मीदवारों को यह कहकर बहकाते हैं कि अगर आप अच्छी कविताएँ नहीं लिख सकते तो आपके लिये हिंदी साहित्य मुश्किल होगा। यह एक बेहूदा तर्क है। सच यह है कि उम्मीदवार को सिर्फ साहित्य का विश्लेषण करना होता है, नया साहित्य लिखना नहीं होता। क्या इतिहास का विद्यार्थी होने के लिये ऐतिहासिक स्थलों की खुदाई करना ज़रूरी है या उन खुदाइयों के परिणामों को जानना पर्याप्त है? क्या साइबेरिया का भूगोल पढ़ने के लिये साइबेरिया का भ्रमण करना ज़रूरी है? अगर नहीं, तो हिंदी साहित्य पढ़ने के लिये कवि होना क्यों ज़रूरी है?
4. कुछ लोगों को भ्रम है कि हिन्दी साहित्य में अंक लाने के लिये बहुत से उदाहरण रटने होते हैं। वस्तुत: इसके लिये पूरा उदाहरण नहीं, उसका आधा, चौथाई या उससे भी कम हिस्सा पर्याप्त होता है क्योंकि वह इस बात का प्रमाण मात्र है कि आपने रचना पढ़ी है। ऐसे प्रमाण हर विषय में अपेक्षित हैं, जैसे- भूगोल में नक्शे, इतिहास में पुरातात्विक या साहित्यिक साक्ष्य और राजनीति विज्ञान में संविधान के अनुच्छेद। इसके अलावा, हिंदी साहित्य में कई ऐसे उम्मीदवार रहे हैं जिन्होंने परीक्षा में एक भी उदाहरण नहीं लिखा और उसके बावजूद अच्छे अंक प्राप्त किये।
5. कुछ लोग यह भविष्यवाणी कर रहे हैं कि हिंदी साहित्य जल्दी ही संघ लोक सेवा आयोग की विषय सूची से हटने वाला है। यह भी कोरी अफवाह है। ध्यान रखें कि संघ लोक सेवा आयोग ने 2013 में पालि, जर्मन, रशियन आदि भाषाओं के साहित्य को वैकल्पिक विषयों की सूची से हटा दिया है पर 8वीं अनुसूची की भाषाओं तथा अंग्रेज़ी के साहित्य को बनाए रखा है। इस संबंध में प्रधानमंत्री

गंगा सिंह (IAS/2016)

मैंने 'दृष्टि द विज़न' संस्थान से हिंदी साहित्य के लिये कोचिंग ली। जो मेरे लिये काफी लाभदायक रहा और मेरी सफलता में इसकी अहम भूमिका रही।

कार्यालय के राज्यमंत्री ने लोक सभा में न सिर्फ स्पष्टीकरण दिया है बल्कि संघ लोक सेवा आयोग को चेतावनी भी दी है कि वह ऐसी चेष्टा दोबारा न करे।

क्या आपके लिये हिंदी साहित्य लेना ठीक होगा? *(Will it be right for you to opt Hindi Literature?)*

कोई भी वैकल्पिक विषय सभी उम्मीदवारों के लिये ठीक नहीं होता। अक्सर ऐसा होता है कि कई मेधावी उम्मीदवार गलत विषय चुन लेते हैं और उनके सभी या कई प्रयास इसी रणनीतिक भूल की वजह से बेकार हो जाते हैं। जब तक उन्हें अपनी गलती का अहसास होता है, तब तक देर हो चुकी होती है। इसलिये, किसी भी गंभीर उम्मीदवार को विषय चुनने से पहले इस बात की जाँच कर लेनी चाहिये कि वह विषय उसकी क्षमताओं और रुचियों के अनुकूल है या नहीं? उदाहरण के लिये, अगर किसी उम्मीदवार को गूढ़ और जटिल अवधारणाएँ समझने में समस्या होती हो तो उसे 'दर्शनशास्त्र' जैसा अमूर्त विषय नहीं लेना चाहिये। इसी तरह, अगर किसी की अंग्रेज़ी कमज़ोर हो और वह 'द हिंदू' जैसे अखबार और अंग्रेज़ी की प्रसिद्ध पत्रिकाएँ और 'अकादमिक जर्नल' पढ़ने तथा उनमें लिखी बातों को हिंदी में प्रभावी तरीके से पेश करने में परेशानी महसूस करता हो तो उसे 'लोक-प्रशासन', 'अर्थशास्त्र', 'समाजशास्त्र' या 'राजनीति विज्ञान' जैसे विषयों से बचना चाहिये जिनमें समय-समय पर नई जानकारियों को जोड़ना ज़रूरी होता है।

हिंदी साहित्य भी हर किसी के अनुकूल नहीं है। इसे लेने के लिये पहली शर्त है कि हिंदी लिखने में उम्मीदवार ज़्यादा अशुद्धियाँ न करता हो। थोड़ी बहुत अशुद्धियाँ हों तो कोई बात नहीं, पर अगर हर पंक्ति में दो-तीन अशुद्धियाँ होती हों तो साहित्य के विषयों में नुकसान हो सकता है। दूसरी बात यह कि उम्मीदवार को साहित्य की रचनाओं (जैसे उपन्यास और कहानी) को पढ़ने में अरुचि नहीं होनी चाहिये।

हिंदी साहित्य लेने के लिये इन शर्तों के अलावा किसी और क्षमता की आवश्यकता नहीं है। उदाहरण के लिये, **अगर आपकी हिंदी साहित्य में पृष्ठभूमि नहीं है तो घबराने की कोई ज़रूरत नहीं है।** सिर्फ तीन से चार महीने की गंभीर तैयारी से आप हिंदी साहित्य की पृष्ठभूमि रखने वाले विद्यार्थियों से बेहतर स्थिति में आ सकते हैं। यह बात इस तथ्य से भी प्रमाणित हो जाती है कि हिंदी साहित्य में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों में बहुत से इंजीनियरिंग, विज्ञान, मेडिकल या प्रबंधन की पृष्ठभूमि से रहे हैं और उन्होंने सिर्फ 2-3 महीनों में ही इस विषय की तैयारी की है। ऐसे उदाहरणों में वर्ष (2012) के गौरव कुमार सिंह (आई.आई.टी. से इंजीनियर/हिंदी साहित्य में 334 अंक) तो हैं ही; कई अन्य सफल उम्मीदवार भी शामिल हैं, जैसे- (1) अजय कुमार-386 अंक (इंजीनियर/2010/आई.पी.एस.), (2) विवेक अग्रवाल-367 अंक (डॉक्टर/ 2011/आई.पी.एस.), (3) सूर्यप्रताप यादव-393 अंक (इंजीनियर/2010/आई.पी.एस.) तथा ऐसे ही कई अन्य।

अगर सिविल सेवा परीक्षा में आपका माध्यम अंग्रेज़ी है तो भी आप वैकल्पिक विषय के तौर पर हिंदी साहित्य ले सकते हैं। ऐसी स्थिति में आपको हिंदी साहित्य की परीक्षा हिंदी में देनी होगी जबकि शेष सारी परीक्षाएँ अंग्रेज़ी में। ऐसे बहुत से सफल उम्मीदवार रहे हैं जिन्होंने अंग्रेज़ी माध्यम के साथ हिंदी साहित्य रखा और उसी की बदौलत सफलता प्राप्त की। वर्ष (2012) का परिणाम देखें तो 12वें, 28वें तथा 166वें रैंक पर चयनित उम्मीदवार इस वर्ग में शामिल हैं। इसके अलावा, अगर इससे पहले के वर्षों का परिणाम देखें तो धनंजय सिंह भदौरिया (351 अंक/आई.ए.एस./मध्य प्रदेश कैडर), आर्द्रा अग्रवाल (336 अंक/आई.ए.एस./गुजरात कैडर) और उदित प्रकाश (330 अंक/आई.ए.एस./यू.पी. कैडर) जैसे सफल उम्मीदवारों ने भी अंग्रेज़ी माध्यम के साथ हिंदी साहित्य रखते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की।

कुल मिलाकर, अगर आप बिना ज़्यादा गलतियाँ किये हिंदी भाषा में लिख लेते हैं और साहित्यिक रचनाओं के प्रति आपके मन में गहरी अरुचि नहीं है तो आप निडर होकर हिंदी साहित्य रख सकते हैं। इस बात की परवाह न करें कि आपकी पृष्ठभूमि किसी दूसरे विषय की है या आपका माध्यम अंग्रेज़ी है।

हिंदी साहित्य का पाठ्यक्रम *(Syllabus of Hindi Literature)*

प्रश्न-प्रत्र-I

खंड : 'क' (हिन्दी भाषा और नागरी लिपि का इतिहास)

1. अपभ्रंश, अवहट्ट और प्रारंभिक हिन्दी का व्याकरणिक तथा अनुप्रयुक्त स्वरूप।
2. मध्यकाल में ब्रज और अवधी का साहित्यिक भाषा के रूप में विकास।
3. सिद्ध एवं नाथ साहित्य, खुसरो, संत साहित्य, रहीम आदि कवियों और दक्खिनी हिन्दी में खड़ी बोली का प्रारंभिक स्वरूप।
4. उन्नीसवीं शताब्दी में खड़ी बोली और नागरी लिपि का विकास।
5. हिन्दी भाषा और नागरी लिपि का मानकीकरण।
6. स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान राष्ट्र भाषा के रूप में हिन्दी का विकास।
7. भारतीय संघ की राजभाषा के रूप में हिन्दी का विकास।
8. हिन्दी भाषा का वैज्ञानिक और तकनीकी विकास।
9. हिन्दी की प्रमुख बोलियाँ और उनका परस्पर संबंध।
10. नागरी लिपि की प्रमुख विशेषताएँ और उसके सुधार के प्रयास तथा मानक हिन्दी का स्वरूप।
11. मानक हिन्दी की व्याकरणिक संरचना।

खंड : 'ख' (हिन्दी साहित्य का इतिहास)

1. हिन्दी साहित्य की प्रासंगिकता और महत्त्व तथा हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन की परम्परा।

2. हिन्दी साहित्य के इतिहास के निम्नलिखित चार कालों की साहित्यिक प्रवृत्तियाँ

(क) **आदिकाल:** सिद्ध, नाथ और रासो साहित्य।
प्रमुख कवि: चंदबरदाई, खुसरो, हेमचन्द्र, विद्यापति।

आरती सिंह (IAS/2016)

मैंने वैकल्पिक विषय के रूप में हिंदी साहित्य चुना। इसके दो प्रमुख कारण थे- एक तो विषय का स्कोरिंग होना व दूसरा 'दृष्टि द विज़न' संस्थान में डॉ. विकास दिव्यकीर्ति सर का अच्छा मार्गदर्शन

(ख) **भक्ति कालः** संत काव्य धारा, सूफी काव्यधारा, कृष्ण भक्तिधारा और राम भक्तिधारा। प्रमुख कवि : कबीर, जायसी, सूर और तुलसी।

(ग) **रीतिकालः** रीतिकाव्य, रीतिबद्ध काव्य, रीतिमुक्त काव्य प्रमुख कवि : केशव, बिहारी, पद्माकर और घनानंद।

(घ) **आधुनिक कालः** (क) नवजागरण, गद्य का विकास, भारतेन्दु मंडल (ख) प्रमुख लेखक : भारतेन्दु, बाल कृष्ण भट्ट और प्रताप नारायण मिश्र।

(ङ) आधुनिक हिन्दी कविता की मुख्य प्रवृत्तियाँ। छायावाद, प्रगतिवाद, प्रयोगवाद, नई कविता, नवगीत, समकालीन कविता और जनवादी कविता।

प्रमुख कवि : मैथिलीशरण गुप्त, जयशंकर प्रसाद, सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला', महादेवी वर्मा, रामधारी सिंह 'दिनकर', सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय', गजानन माधव मुक्तिबोध, नागार्जुन।

3. ***कथा साहित्यः***
   (क) उपन्यास और यथार्थवाद
   (ख) हिन्दी उपन्यासों का उद्भव और विकास
   (ग) प्रमुख उपन्यासकार : प्रेमचन्द, जैनेन्द्र, यशपाल, रेणु और भीष्म साहनी।
   (घ) हिन्दी कहानी का उद्भव और विकास।
   (ङ) प्रमुख कहानीकार : प्रेमचन्द, जयशंकर प्रसाद, सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय', मोहन राकेश और कृष्णा सोबती।

4. ***नाटक और रंगमंच :***
   (क) हिन्दी नाटक का उद्भव और विकास
   (ख) प्रमुख नाटककार : भारतेन्दु, जयशंकर प्रसाद, जगदीश चंद्र माथुर, रामकुमार वर्मा, मोहन राकेश।
   (ग) हिन्दी रंगमंच का विकास।

5. ***आलोचना :***
   (क) हिन्दी आलोचना का उद्भव और विकास- सैद्धांतिक, व्यावहारिक, प्रगतिवादी, मनोविश्लेषणवादी आलोचना और नई समीक्षा।
   (ख) प्रमुख आलोचक - रामचन्द्र शुक्ल, हजारीप्रसाद द्विवेदी, रामविलास शर्मा और नगेन्द्र।

6. ***हिन्दी गद्य की अन्य विधाएँः*** ललित निबंध, रेखाचित्र, संस्मरण, यात्रा वृत्तान्त।

प्रश्न-प्रत्र-II

इस प्रश्नपत्र में निर्धारित मूल पाठ्य पुस्तकों को पढ़ना अपेक्षित होगा और ऐसे प्रश्न पूछे जाएंगे जिनसे अभ्यर्थी की आलोचनात्मक क्षमता की परीक्षा हो सके।

खंड : 'क' (पद्य साहित्य)

1. ***कबीर*** : कबीर ग्रंथावली (आरंभिक 100 पद) सं. श्याम सुन्दर दास
2. ***सूरदास*** : भ्रमरगीत सार (आरंभिक 100 पद) सं. रामचंद्र शुक्ल
3. ***तुलसीदास*** : रामचरित मानस (सुंदर काण्ड), कवितावली (उत्तर काण्ड)
4. ***जायसी*** : पद्मावत (सिंहलद्वीप खंड और नागमती वियोग खंड) सं. श्याम सुन्दर दास
5. ***बिहारी*** : बिहारी रत्नाकर (आरंभिक 100 दोहे) सं. जगन्नाथ दास रत्नाकर
6. ***मैथिलीशरण गुप्त*** : भारत भारती
7. ***जयशंकर प्रसाद*** : कामायनी (चिंता और श्रद्धा सर्ग)
8. ***सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'*** : राग-विराग (राम की शक्ति पूजा और कुकुरमुत्ता) सं. रामविलास शर्मा
9. **रामधारी सिंह 'दिनकर'**: कुरुक्षेत्र
10. **अज्ञेय** : आंगन के पार द्वार (असाध्यवीणा)
11. **मुक्ति बोध** : ब्रह्मराक्षस
12. **नागार्जुन** : बादल को घिरते देखा है, अकाल और उसके बाद, हरिजन गाथा।

खंड : 'ख' (गद्य साहित्य)

1. **भारतेन्दु** : भारत दुर्दशा
2. **मोहन राकेश** : आषाढ़ का एक दिन
3. **रामचंद्र शुक्ल** : चिंतामणि (भाग-1), (कविता क्या है, श्रद्धा-भक्ति)।
4. **निबंध निलय** : संपादक : डॉ. सत्येन्द्र। बाल कृष्ण भट्ट, प्रेमचन्द, गुलाब राय, हजारीप्रसाद द्विवेदी, रामविलास शर्मा, अज्ञेय, कुबेरनाथ राय।
5. **प्रेमचंद** : गोदान, 'प्रेमचंद' की सर्वश्रेष्ठ कहानियाँ (संपादक : अमृत राय)
6. **प्रसाद** : स्कंदगुप्त
7. **यशपाल** : दिव्या
8. **फणीश्वरनाथ रेणु** : मैला आँचल
9. **मन्नू भण्डारी** : महाभोज
10. **राजेन्द्र यादव (सं.)** : एक दुनिया समानान्तर (सभी कहानियाँ)

पाठ्यक्रम का विश्लेषण *(Analysis of the Syllabus)*

सिविल सेवा परीक्षा में सभी विषयों के पाठ्यक्रम को दो प्रश्नपत्रों में विभाजित किया गया है। आमतौर पर पहले प्रश्नपत्र का संबंध सैद्धांतिक पक्षों से होता है जबकि दूसरे प्रश्नपत्र का व्यावहारिक पक्षों से। विषय में उम्मीदवार की समझ कितनी है, इसकी परीक्षा इस बात से भी की जा सकती है कि वह दोनों प्रश्नपत्रों के आपसी संबंधों को कितनी गहराई से समझता है। पिछले कुछ वर्षों में बहुत से विषयों में ऐसे प्रश्न पूछे जाने की प्रवृत्ति बढ़ी है जो दोनों प्रश्नपत्रों की तुलनात्मक समझ पर आधारित हैं। हिंदी साहित्य का पाठ्यक्रम भी इसी ढाँचे पर आधारित है।

प्रश्नपत्र-1 (Paper 1)

प्रश्नपत्र-1 के दो खंड हैं। पहले खंड का संबंध 'हिंदी भाषा के इतिहास' से है और दूसरे खंड का 'हिंदी साहित्य के इतिहास' से।

'हिंदी भाषा के इतिहास' में सबसे पहले यह पढ़ना होता है कि संस्कृत से हिंदी के विकास की प्रक्रिया में कौन-कौन सी अवस्थाएँ आईं और उनकी भाषिक विशेषताएँ क्या थीं? फिर, जब हिंदी का उद्भव हो गया तो तब से अब तक लोक-जीवन और साहित्य के क्षेत्रों में उसके विकास की क्या प्रवृत्तियाँ रहीं? इसके अलावा, इस खंड में यह भी पढ़ना

होता है कि हिंदी राष्ट्रभाषा, राजभाषा व सम्पर्कभाषा के तौर पर कितनी सफल है; वह वर्तमान वैज्ञानिक-तकनीकी युग की अपेक्षाओं पर किस हद तक खरा उतर पा रही है; और क्या देवनागरी लिपि इंटरनेट और अन्य सूचना-तकनीकों की उपस्थिति में अपनी प्रासंगिकता बचा पा रही है?

'हिंदी साहित्य के इतिहास' में यह पढ़ना होता है कि जबसे हिंदी भाषा का उद्भव हुआ, तबसे अभी तक उसमें रचे गए साहित्य की प्रकृति और विषयवस्तु क्या हैं; और वह अपने दौर की सामाजिक ज़िम्मेदारियों को ठीक से निभा पाया है या नहीं? इस खंड को मोटे तौर पर दो भागों में विभाजित किया जा सकता है- 'हिंदी कविता का इतिहास' तथा 'हिंदी गद्य का इतिहास'। हिंदी कविता का इतिहास लगभग 1000 ईस्वी से अभी तक फैला है जिसे चार युगों (आदिकाल, भक्तिकाल, रीतिकाल तथा आधुनिक काल) में बाँटकर पढ़ा जाता है। दूसरी ओर, हिंदी गद्य का इतिहास सिर्फ आधुनिक काल से संबंधित है जिसमें उपन्यास, कहानी, नाटक-रंगमंच, समीक्षा जैसी विधाओं के ऐतिहासिक विकास का अध्ययन करना अपेक्षित है।

प्रश्नपत्र-2 (Paper 2)

प्रश्नपत्र-2 में साहित्य के व्यावहारिक पक्ष शामिल हैं। इसमें कुछ साहित्यिक रचनाओं की सूची दी गई है। उम्मीदवार से अपेक्षा की जाती है कि वह उन्हें पढ़े और साहित्यिक दृष्टि से उनका मूल्यांकन करे। परीक्षा में उन रचनाओं की अंतर्वस्तु (अर्थात् विचार-पक्ष) तथा शिल्प (अर्थात् भाषा-शैली) से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं।

इस प्रश्नपत्र के भी दो खंड हैं। पहला खंड कविताओं से संबंधित है जबकि दूसरा खंड गद्य-विधाओं (जैसे उपन्यास, कहानी, नाटक-रंगमंच तथा समीक्षा आदि) से। दोनों खंडों में पहला प्रश्न व्याख्याओं से संबंधित होता है जिसमें किसी रचना की कुछ पंक्तियाँ दी जाती हैं और उम्मीदवार को रचना का उल्लेख करते हुए उन पंक्तियों का अर्थ-स्पष्टीकरण तथा साहित्यिक मूल्यांकन करना होता है। शेष प्रश्न रचनाओं के किसी विशेष पक्ष (जैसे सामाजिक प्रासंगिकता, विचारधारा या भाषा-शैली) से संबंधित होते हैं।

विद्यार्थियों की सुविधा के लिये प्रश्न-पत्र 2 के दोनों खंडों में शामिल कवियों अथवा विधाओं का वर्गीकरण इस पृष्ठ पर नीचे दिया गया है।

दोनों प्रश्नपत्रों का आपसी संबंध (Mutual Relationship between both papers)

प्रश्नपत्र 1 और 2 में गहरा आंतरिक संबंध है। प्रश्नपत्र-1 में हिंदी साहित्य का इतिहास है जबकि प्रश्नपत्र-2 में इस इतिहास के हर दौर के महान कवियों/गद्यकारों की रचनाओं का अध्ययन करना होता है। गहरी समझ के लिये बेहतर यही है कि दोनों प्रश्नपत्रों को अलग-अलग पढ़ने की बजाय साथ-साथ पढ़ा जाए।

उदाहरण के लिये, प्रश्नपत्र-1 में एक टॉपिक है- 'भक्तिकाल'। प्रश्नपत्र-2 में इसी भक्तिकाल से जुड़े चार कवि हैं- कबीर, जायसी, सूर और तुलसी। अगर कोई विद्यार्थी भक्तिकाल का इतिहास समझते हुए इन कवियों को उसके साथ पढ़ता है तो निस्संदेह उसकी समझ बेहतर बनती है क्योंकि वह उनकी कविताओं के लिये ज़िम्मेदार तात्कालिक परिस्थितियों को भी समझ पाता है। इसी तरह, प्रश्नपत्र-1 में गद्य-साहित्य के इतिहास के अंतर्गत एक टॉपिक है-'हिंदी उपन्यास का इतिहास'। दूसरी ओर, प्रश्नपत्र-2 में चार उपन्यास शामिल हैं- गोदान, मैला आँचल, दिव्या और महाभोज। इन उपन्यासों तथा उपन्यासकारों के संबंध में कई बार ऐसे प्रश्न पूछे जाते हैं कि इन्होंने हिंदी उपन्यास के विकास में क्या योगदान दिया है? ऐसे प्रश्न का परिपक्व उत्तर लिखने के लिये बेहतर होता है कि उपन्यास का इतिहास पढ़ते हुए उस उपन्यास को उसी बिंदु पर पढ़ा-समझा जाए जहाँ उसकी रचना की गई थी।

दोनों प्रश्नपत्रों में विद्यमान इस अंतर्संबंध के कारण 'दृष्टि' के कक्षा कार्यक्रम में इन्हें साथ-साथ ही पढ़ाया जाता है, क्रमिक रूप नहीं।



क्या चयनात्मक अध्ययन सम्भव है? (Is selective study possible?)

2010 से पहले तक सिविल सेवा परीक्षा के सभी विषयों में यह सुविधा थी कि उम्मीदवार चयनात्मक अध्ययन करके काम चला ले। ऐसे में, उपरोक्त दोनों प्रश्नपत्रों में कुछ महत्त्वपूर्ण अध्याय पढ़कर ही कई उम्मीदवार सफल हो जाते थे। 2010 से सभी विषयों के प्रश्नपत्रों की प्रकृति बदलने लगी है और ये बदलाव हर वर्ष नए-नए रूपों में सामने आते रहे हैं। इन बदलावों का सार यह है कि अब लगभग प्रत्येक अध्याय से छोटा या बड़ा प्रश्न ज़रूर पूछा जाता है और चयन की सुविधा भी इस तरह से दी जाती है कि पूरा पाठ्यक्रम पढ़ने वाले उम्मीदवारों को बढ़त हासिल हो।

इन बदलावों के कारण अन्य वैकल्पिक विषयों की तरह हिंदी साहित्य में भी 'सिलेक्टिव' अध्ययन करने की सुविधा कम हो गई है। अगर आप सचमुच अच्छे रैंक के साथ इस परीक्षा में सफल होना चाहते हैं तो बेहतर होगा कि आप पूरे पाठ्यक्रम को ठीक से ज़रूर देख लें। हाँ, आप यह कर सकते हैं कि कुछ महत्त्वपूर्ण अध्यायों को ज़्यादा गहराई

से तैयार करें और शेष को सिर्फ देख भर लें। वैसे भी, तीन महीने की अवधि में आप हिंदी साहित्य के पूरे पाठ्यक्रम को कायदे से तैयार कर सकते हैं।

हिंदी साहित्य का कक्षा कार्यक्रम *(Class Programme for Hindi Literature)*

'दृष्टि' हिंदी साहित्य के क्षेत्र में सर्वाधिक स्थापित संस्था है। पिछले 19 वर्षों से हिंदी साहित्य और दृष्टि को पर्यायवाची माना जाता है। कक्षा-कार्यक्रम ऑडियो-वीडियो व्याख्यान के रूप में चलता है। प्रत्येक व्याख्यान के उपरान्त इच्छुक विद्यार्थी अपने प्रश्नों और जिज्ञासाओं को उस समय उपलब्ध शिक्षक के सामने रखकर उनका समाधान प्राप्त कर सकता है। इसके लिये सिविल सेवा हेतु हिन्दी साहित्य की कोचिंग एवं विश्वविद्यालयी शिक्षा से संबद्ध कोई अध्यापक मौजूद रहेगा। हमारे कक्षा कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं-

1. अध्यापक (Faculty)

'दृष्टि' में हिन्दी साहित्य का अध्यापन डॉ. विकास करते हैं। ये स्वयं हिंदी साहित्य विषय के साथ सिविल सेवा परीक्षा में चयनित होकर भारत सरकार के गृह मंत्रालय में लगभग 1 वर्ष तक कार्य कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त, वे दिल्ली विश्वविद्यालय से हिन्दी साहित्य में पी.एच.डी. करने के उपरान्त वहीं 2 महाविद्यालयों में लगभग 1 वर्ष तक प्राध्यापक रहे हैं। वर्तमान में उक्त सभी सेवाओं से त्यागपत्र देकर 'दृष्टि' में 'अकादमिक निदेशक' के रूप में कार्यरत हैं। डॉ. विकास के अतिरिक्त विद्यार्थियों की हिन्दी साहित्य संबंधी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं के समाधान हेतु सिविल सेवा कोचिंग एवं विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाले कुछ अन्य प्राध्यापक भी 'दृष्टि' से संबद्ध हैं।

2. अध्यापन प्रणाली (Teaching Methodology)

'दृष्टि' की एक विशेष अध्यापन-प्रणाली है जो इसे बाकी संस्थाओं से अलग करती है। यहाँ किसी भी टॉपिक को याद करने या रटने की सलाह नहीं दी जाती बल्कि कोशिश की जाती है कि हर विद्यार्थी मूल धारणाओं (Basic Concepts) को समझे तथा आत्मसात् करे।

कक्षा में हर टॉपिक पर विस्तृत व रोचक चर्चा होती है। हास्य-व्यंग्य, मनोरंजन और व्यावहारिक उदाहरणों का सहज प्रयोग करते हुए विद्यार्थियों को टॉपिक समझाए जाते हैं।

परीक्षा में पहले पूछे जा चुके तथा अन्य संभावित प्रश्नों को भी चर्चा में एक ज़रूरी संदर्भ की तरह शामिल किया जाता है। कठिन प्रश्नों के उत्तरों की रूपरेखा पर विशेष चर्चा होती है तथा विद्यार्थियों को स्वयं कठिन से कठिन प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है।

3. पाठ्य-सामग्री (Study Material)

हिंदी साहित्य में दृष्टि के पास विस्तृत पाठ्य-सामग्री है जो कक्षा में हर टॉपिक के अनुसार विद्यार्थियों को दी जाती है। कुछ नोट्स कक्षा में लिखवाए भी जाते हैं। इन दोनों को मिला लें तो प्रायः एक भी ऐसा प्रश्न नहीं बचता जिसके लिये विद्यार्थी को किसी पुस्तक या अन्य स्रोत का सहारा लेना पड़े।

4. नियमित प्रश्नोत्तर अभ्यास (Daily Question Answer Practice)

